Book Ad Any category of Classified and get
**Special Discount**
Times of India/ Hindustan Times/ Dainik Jagran / Amar Ujala/ Navbharat Times Hindustan Hindi
**Discount Code TBC10**
Contact:
**Kunika Advertising**
Plot no- 516. Sector-12, Friends Co-operative Society, Vasundhara, Ghaziabad
**Mo. 8130640000**

**Year**-15 **Issue**- 26
Ghaziabad, Sunday, 26 November- 2023

26 November to 02 December- 2023

**Page:** 8

**RNI.No:** UPBIL/2009/28691
**DAVP Code:** 101473
**Editor:** Dheeraj Kumar
**Mob.:** 9871895198

# TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

www.tbcgzb.com
Hindi/English {Bi-Lingual} Weekly Ghaziabad
डीएवीपी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
Email: editor@tbam.co.in

Page 3

Page 5

Page 7


# आरएचएएम फाउण्डेशन ने सोहम के सहयोग से वृद्ध आश्रम में बांटी खुशियां

## कार्यक्रम को सफल बनाने में रोटरी क्लब इन्दिरापुरम गैलोर, दिल्ली ईस्ट एंड, गाजियाबाद सेफरोन, गाजियाबाद सनरेस, गाजियाबाद नार्थ सेंट्रल तथा जयपुरिया स्कूल ऑफ बिजनेस का विशेष सहयोग रहा










**गाजियाबाद (टीबीसी न्यूज)।** आरएचएएम फाउण्डेशन ने सोहम संस्था के साथ अशर्फी ग्रामोद्योग संस्थान आवासीय आश्रम, दुहाई में डांस फॉर जॉयः फॉर हैप्पीनेस एंड पीस एमांगेस्ट एल्डरर्स कार्यक्रम का आयोजन किया। आश्रम में रहने वाले बुजुर्गों ने इस अवसर पर काफी मस्ती भी की। प्रोफेशनल ट्रेनर के रूप में आये शुभम श्रीवास्तव ने बुजुर्गो का उत्साहवर्धन किया और उनसे विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम कराये। जिसमें डांस, सिंगिंग, दौड़ जैसे कार्यक्रम भी शामिल रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी बुजुर्गों ने आरएचएएम फाउण्डेशन के चेयरमैन डॉ. धीरज कुमार भार्गव तथा अन्य सदस्यों को अपना आशीर्वाद दिया और उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घ आयु की कामना की। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रोटरी क्लब इन्दिरापुरम गैलोर, दिल्ली ईस्ट एंड, गाजियाबाद सेफरोन, गाजियाबाद सनरेस, गाजियाबाद नार्थ सेंट्रल तथा जयपुरिया स्कूल ऑफ बिजनेस का विशेष सहयोग रहा।

# पीएम मोदी ने तेजस लड़ाकू विमान में उड़ान भरी, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड का किया दौरा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को सरकारी स्वामित्व वाली हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड की अपनी यात्रा के दौरान बेंगलुरु में तेजस लड़ाकू विमान से उड़ान भरी। पीएम मोदी विनिर्माण सुविधा में कार्य प्रगति की समीक्षा करने के लिए शहर में हैं।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को सरकारी स्वामित्व वाली हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड की अपनी यात्रा के दौरान बेंगलुरु में तेजस लड़ाकू विमान में उड़ान भरी।प्रधानमंत्री अपनी विनिर्माण सुविधा में चल रहे काम की समीक्षा करने के लिए शहर में थे।

एक सूत्र ने पहले कहा था, "प्रधानमंत्री एचएएल की विनिर्माण सुविधा की समीक्षा करेंगे और दौरा करेंगे, जिसमें तेजस जेट की सुविधा भी शामिल है।" मोदी रक्षा उत्पादों के स्वदेशी उत्पादन पर जोर दे रहे हैं और उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला है कि कैसे उनकी सरकार ने भारत में उनके विनिर्माण और उनके निर्यात को बढ़ावा दिया है।

कई देशों ने हल्के लड़ाकू विमान तेजस को खरीदने में रुचि दिखाई है और अमेरिकी रक्षा दिग्गज जीई एयरोस्पेस ने प्रधान मंत्री की अमेरिका यात्रा के दौरान एमके-द्वितीय-तेजस के लिए संयुक्त रूप से इंजन बनाने के लिए एचएएल के साथ एक समझौता किया था।

# Editorial

## For now ceasefire...

Israel and Hamas have agreed to a four-day ceasefire. This consensus and mediation is in the interest of humanity. War knows only the language of destruction. The war in Gaza Strip had become brutal. Lebanon's Hezbollah and Yemen's Houthi terrorists had also jumped into the war and were carrying out air strikes on Israel. Despite 46 continuous days of war and destruction, Hamas did not cease to exist. The ceasefire was also necessary so that innocent hostages could be freed and humanitarian aid could be delivered to Gaza. Most of Gaza has become ruins. About 43,000 buildings and other structures have been demolished. 30 schools have been destroyed and 20 hospitals have had to be closed. More than 16 lakh people have been displaced from Gaza. This is no less than a serious tragedy for humanity. Hamas terrorists have also fired about 8000 rockets on Israeli cities and turned army tanks etc. into debris. Of course, the Israeli army has destroyed many important positions of Hamas, broken the network of about 150 tunnels and killed many commanders, but there have also been more than 15,300 deaths on both sides. What was wrong with those human faces? In this entire context, thanks to the decisive efforts of Qatar, America and Egypt, a 'temporary ceasefire' between Israel and Hamas has become possible. Turkey's efforts have also proved fruitful. Now according to the agreement, Hamas will free 50 children, mothers and elderly women out of total 238 hostages. On the other hand, Israel will release 150 Palestinian prisoners lodged in its jails.This number can also go up to 300, because the Israeli Cabinet has made a list of 300 such prisoners. If the hostages and prisoners are released honestly, the duration of the ceasefire can also be extended. Ultimately, a stable and durable solution to peace can be reached. This is the first step towards peace. The question is, will Hamas answer why its terrorists suddenly attacked Israel on October 7? Was that not a terrorist attack? Does Israel not have the right to defend its sovereignty in response to terrorism? The United Nations Security Council and the World Health Organization must answer these questions.

**Dr. Dheeraj Kumar Bhargava**

# India is now seen as new powerhouse of champions: J&K LG

**Jammu.** Jammu and Kashmir Lieutenant Governor Manoj Sinha on Friday said that the achievements of our athletes in the recently concluded Asian Games, Asian Para Games and Asian Para Archery Games is a testimony to new sports culture under the guidance of Prime Minister Narendra Modi and India is now seen as the new powerhouse of champions.

Speaking after inaugurating the Synthetic Athletic track at University of Jammu at the closing ceremony of 67th National Schools Games in Judo Under-14 Boys and Girls and Fencing Under-19 Boys & Girls, Sinha congratulated the budding sporting talents for their remarkable performance in various sporting disciplines.

"National School Games provide the launching platform for young sporting talents. From this platform a new journey begins for all of you, which will pave the way for many opportunities as well as excellence in international sporting events," the Lt Governor said.

"Those who wish to win never quit, that is the mantra of success. The talents of many legendary icons of sports were spotted first in school games. They were provided with right




training and mentoring to harness their potential and to achieve greater heights of success," he said.

He encouraged the young players to work hard to transform their inherent talent and set new goals every day to fulfil the destiny for which they were born.

"Every player is unique, he or she has some talents that no one else has. They just need to recognize the uniqueness and take it to the pinnacle of success," he said.

He said, "Goals define you as an athlete, your motivation, confidence and proper training are your biggest allies in achieving those goals. Today the adequate sports infrastructure, modern training and facilities shows that the nation is giving due importance to sports and availability of these three significant elements has proved to be the foundation of building a new India in the sporting arena," the Lt Governor said.

At the closing ceremony, the Lt Governor shared the efforts of the UT Administration to popularize a robust sports culture in Jammu Kashmir. He said the new sports policy, world-class facilities and mentoring of sportspersons have created a conducive environment to excel and bring laurels to the UT and the nation in international tournaments.

Rajeev Rai Bhatnagar, Advisor to the Lieutenant Governor; Dr Arun Kumar Mehta, Chief Secretary; Sarmad Hafeez, Secretary Youth Services and Sports, senior officials, officers bearers of School Games Federation of India, eminent sports personalities, coaches and youth in large numbers were present.

# Adani-Hindenburg Case: Not seeking extension of time, SEBI tells SC



**New Delhi.** The Securities and Exchange Board of India (SEBI) during an hearing before the Supreme Court on Friday submitted that it is not seeking an extension of time with respect to Adani Hindenburg case. Solicitor General (SG) Tushar Mehta, senior law officer appearing for the market regulator, SEBI, told the bench of the Top Court, headed by the Chief Justice of India (CJI) Dr Dhananjaya Yeshwant Chandrachud, that the SEBI has begun process to arrive at the decision post probe.

"We are not seeking extension of time," SG Mehta told the Apex Court. He said that there are 24 cases for investigation, and in 22 cases investigation has been completed. For the balance two, we need information from foreign regulators, and have been in touch with them. The Top Court questioned, one of the reasons we intervened was the volatility in share prices. It asked the SG, what is SEBI doing to protect investors from volatility. "Has there been any wrongdoing with respect to short selling post the report," the CJI asked the SG.

He replied that action being taken wherever short selling has been seen. SG Mehta said that we need information from foreign regulators etc. We have been in consultation with them. Some information has come. But we are not in control of time limit for obvious reasons.

He also said that we have the suggestions from expert committee also- where the regulatory framework is lacking etc- that is a larger issue because it applies across the board.

The senior law officer also said that so far as expert committee is concerned, in principle, there are no objections to the suggestions. In principle, we agree with the suggestions.

The Supreme Court was hearing the batch of petitions seeking an investigation into the Adani Hindenburg case. One of the petitioners sought contempt of court proceedings against SEBI for failing to complete on time its probe into stock manipulation allegations against the conglomerate.

# Pakistan's Imad Wasim retires from international cricket



**Lahore.** All-rounder Imad Wasim has announced his retirement from international cricket, bringing an end to a career that spanned eight years. The 34-year-old Imad made his international debut in May 2015 against Zimbabwe and went on to represent Pakistan in 55 ODIs and 66 T20Is. He took 109 wickets and scored 1,472 runs in his international career, Pakistan Cricket Board said in a press statement.

Imad has been a key member of the Pakistan team over the years and was part of the 2017 Champions Trophy-winning squad. He also played in the 2016 T20 World Cup, 2019 World Cup, and 2021 T20 World Cup.

Imad Wasim said: "I would like to thank the PCB for all their support over the years; it has truly been an honour to represent Pakistan. Each of my 121 appearances across the ODI and T20I formats was a dream come true. It's an exciting time for Pakistan cricket going forward with new coaches and leadership incoming."I wish all involved every success and look forward to watching the team excel. I would like to thank Pakistan fans for always supporting me with such passion. I now look forward to focusing on the next stage of my playing career away from the international stage."

Chairman PCB Management Committee Zaka Ashraf said: "Imad Wasim has been a valuable asset to Pakistan cricket. His performances, especially in white-ball cricket, have been crucial to the team's success. While we respect his decision to retire, we will miss his presence on the field.

# गाजियाबाद में आंगनबाडी केन्द्रों पर हॉट कुक्ड मील योजना का शुभारंभ

**टीबीसी संवाददाता**





**गाजियाबाद।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा अयोध्या में उत्तर प्रदेश में आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए निर्माण हेतु स्वीकृत भवनों का शिलान्यास तथा 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के आंगनबाड़ी केंद्रों में प्री प्राइमरी शिक्षा के लिए आने वाले बच्चों के लिए हॉट कुक्ड मील योजना का शुभारंभ किया गया। इस शुभ अवसर पर जनपद गाजियाबाद में हॉट कुक्ड मील योजना का शुभारम्भ समारोह माननीय विधायक श्री धर्मेश सिंह तोमर जी की गरिमामयी उपस्थिति में ग्राम जलालाबाद विकास खंड रजापुर में आयोजित किया गया। उक्त समारोह में बोलते हुए मुख्य अतिथि विधायक धर्मेश सिंह तोमर ने हॉट कुक्ड मील योजना के पुनः प्रारम्भ होने पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा इसे छोटे बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण हेतु महत्वपूर्ण माना। उन्होंने ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में चहुंमुखी विकास के प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में नौनिहालों के पोषण और शिक्षा के लिए आंगनवाडी केन्द्रों पर प्री प्राइमरी शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु हॉट कुक्ड मील योजना आरम्भ कर रही है। आंगनबाड़ी केंद्रों में पढ़ रहे बच्चों को स्वास्थ्य और शिक्षा के पर्याप्त अवसर मुहैया कराने पर वे कल भारत के श्रेष्ठ नागरिक बनेंगे तथा देश के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान करेंगे। कार्यक्रम में विधायक धर्मेश सिंह तोमर ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि हॉट कुक्ड मील योजना माध्यम से बच्चों और उनके माता पिता को बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य और पोषण के संबंध में जागरूक किया जा सकेगा। हॉट कुक्ड योजना के सफल संचालन के लिए सभी स्टेक होल्डर विभागों, आईसीडीएस, बेसिक शिक्षा, खाद्य एवं आपूर्ति, ग्राम्य विकास एवं पंचायती राज विभाग को शुभकामनाएं दी गई। विधायक धर्मेश सिंह तोमर द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और बच्चों के अन्नाप्राशन कराया गया। इस अवसर पर उपायुक्त राम उदरेज यादव, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती शशि वार्ष्णेय, खंड विकास अधिकारी रजापुर तथा बाल विकास परियोजना अधिकारी श्रीमती शारदा, मुख्य सेविकाएं श्रीमती पूनम शर्मा विनीता तथा ग्राम जलालाबाद की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां एवं सहायिकाएं, आंगनबाड़ी केंद्रों में पढ़ने वाले बच्चे तथा उनके माता पिता व अन्य ग्रामवासी मौजूद थे।

## अर्हता तिथि 01.01.2024 के आधार पर समस्त स्कूल / कालेज/ पंचायत भवनों / खण्ड विकास कार्यालयों को खोले जायेंगे: विवेक श्रीवास्तव

**टीबीसी संवाददाता**




**गाजियाबाद।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार अर्हता तिथि 01.01.2024 के आधार पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम दिनांक 27-10-2023 से 09-12-2023 तक गतिमान है। उक्त अवधि में नये मतदाता तथा छूटे हुए अर्ह मतदाता निर्वाचक नामावली में पंजीकृत कराने हेतु प्रारूप-6. किसी भी प्रविष्टि के आक्षेप हेतु प्रारूप-7 और किसी भी प्रविष्टि में शुद्धि, स्थान परिवर्तन, डुप्लीकेट पहचान पत्र के लिए प्रारूप-8 में अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। आयोग द्वारा उक्त कार्यक्रम को सफल बनाये जाने हेतु विशेष अभियान तिथियाँ यथा 04.11.2023, 05.11.2023, 25.11.2023, 26.11.2023 एवं 02.12.2023, 03.12.2023 नियत की गयी है। इसी के दृष्टिगत प्रत्येक मतदान केन्द्रों पर नियुक्त पदाभिहित अधिकारियों एवं बी.एल.ओ. द्वारा समुचित फार्म प्राप्त किये जायेंगे। अतः कार्यक्रम को सफल बनाये जाने के दृष्टिगत आगामी विशेष अभियान दिवस दिनांक 25.11.2023 (शनिवार) एवं 26.11.2023 (रविवार) को जनपद के प्रत्येक मतदान केन्द्रों पर नियुक्त पदाभिहित अधिकारियों एवं बी.एल.ओ. द्वारा अर्ह मतदाताओं से फार्म प्राप्त किये जाने हेतु समस्त स्कूल / कालेज/ पंचायत भवनों/ खण्ड विकास कार्यालयों (जिनमें मतदेय स्थल स्थापित हैं) को खोले जाने के लिए एवं नियुक्त पदाभिहित अधिकारियों तथा बी.एल.ओ, के बैठने हेतु आवश्यक फर्नीचर इत्यादि की व्यवस्था किये जाने के सम्बन्ध में अपने स्तर से समस्त सम्बन्धितों को निर्देशित करना सुनिश्चित करें।

विशेष अभियान दिवस को जिलाधिकारी महोदय एवं अन्य उच्चाधिकारी भी भ्रमणशील रहेंगे, जिसके दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग के उक्त कार्यक्रम में किसी भी प्रकार की शिथिलता न की जाये।

## कांटे की टक्कर में ड्रा रहा यूपी और छत्तीसगढ़ का मैच

### 28वीं सीनियर महिला फुटबाल चैंपियनशिप का हुआ आगाज

**टीबीसी संवाददाता**





**गाजियाबाद।** महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम में शुक्रवार को 28वीं सीनियर महिला फुटबॉल चैंपियनशिप की शुरूआत बेहद शानदार रही। उद्घाटन के दिन खेले गए यूपी और छत्तीसगढ़ के बीच कांटे की टक्कर के बाद स्कोर 3-3 की बराबरी पर रहा। प्रतियोगिता का आयोजन उत्तर प्रदेश फुटबॉल संघ एवं गाजियाबाद फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा किया जा रहा है। चैंपियनशपि की शुरूआत राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल ने की। उन्होंने यूपी फुटबाल संघ और गाजियाबाद फुटबाल एसोसिएशन को बधाई दी। पहला मैच उत्तर प्रदेश बनाम छत्तीसगढ़ खेला गया। खेल के 11 वें मिनट में छत्तीसगढ़ को कॉर्नर मिला। उत्तर प्रदेश की डिफेंडर नंदनी यादव उसे क्लियर करना चाहती थीं लेकिन बॉल उनके सर से लगकर उनके ही गोल पोस्ट में चली गई। छत्तीसगढ़ 1-0 से आगे हो गई। इसके बाद उत्तर प्रदेश की खिलाड़ी हिना खातून अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश टीम ने जवाबी आक्रमण किया। 14 वें मिनट में मुस्कान खान ने 30 गज की दूरी से शानदार गोल कर अपनी टीम को एक-एक गोल की बराबरी दिला दी। खेल के 18 वें मिनट में उत्तर प्रदेश की पिंकी कुमारी व 36 वें मिनट में उत्तर प्रदेश की तेज तर्रार स्ट्राइकर आंचल पटेल ने यूपी के लिए गोल किया। छत्तीसगढ़ की ओर से 25 वें मिनट में पूर्वी नायक और 77वें मिनट में छत्तीसगढ़ की स्टॉपर प्रियंका फुटन ने गोल कर स्कोर बराबर कर दिया। अगला मैच मणिपुर बनाम राजस्थान 25 नवंबर को दोपहर एक बजे खेला जाएगा। इस मौके पर यूपी फुटबॉल संघ के सचिव मोहम्मद शाहिद, गाजियाबाद अध्यक्ष प्रणव कुमार, सचिव हेमंत पवार, अमित रावत, निखिल कुमार, पवन त्यागी, अमित रावत, वाजिद अली, अंकुश विश्नोई और अभिनव भंडारी आदि खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## छठ पर्व पर भव्य आयोजन, श्रद्धालुओं, पार्षदों ने नगर आयुक्त को दिया धन्यवाद, मंत्री ने व्यवस्था की सराहना की

### छठ घाटों पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु, व्यवस्था में जुटा रहा निगम, साफ सफाई की सभी ने की प्रशंसा

**टीबीसी संवाददाता**



**गाजियाबाद।** महापर्व छठ जिस पर विशाल आयोजन गाजियाबाद नगर निगम द्वारा किया गया। लाखों की संख्या में श्रद्धालु छठ घाटों पर पहुंचे, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश अनुसार व्यवस्था में गाजियाबाद नगर निगम के अधिकारी डेट दिखाई दिए, जनप्रतिनिधियों ने गाजियाबाद नगर निगम के कार्यों की प्रशंसा व साफ-सफाई की व्यवस्था को देखकर निगम के संबंध टीम का उत्साह भी बढ़ाया।

भारी संख्या में मुख्य छठ घाट हिंद नदी पर श्रद्धालु पहुंचे पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना संपन्न की नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश अनुसार टीम मौके पर बनी रही। जिसमें जलकल विभाग, प्रकाश विभाग, स्वास्थ्य विभाग, निर्माण विभाग के अधिकारी गण तथा जोनल प्रभारी भी छठ घाट पर उपस्थित रहे, लेजर शो तथा हरनंदी छठ घाट पर सफाई व्यवस्था फागिंग की विशेष व्यवस्था को देखकर जनरल वीके सिंह मंत्री द्वारा भव्य आयोजन की प्रशंसा भी की गई।

महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त के नेतृत्व में शहर की समस्त घाटों पर रंगाई पुताई फॉगिंग पानी की व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को नगर निगम टीम द्वारा बनाए रखा गया। जिसकी प्रशंसा शहर के कई पार्षदों द्वारा की गई।

वार्ड संख्या 80 के पार्षद राहुल शर्मा, वार्ड संख्या 53 सुमन चौधरी कवि नगर जोन से पार्षद, वार्ड संख्या 77 वैशाली से नीलम भारद्वाज, वार्ड संख्या 37 मोहन नगर जोन से रवि भाटी, वार्ड संख्या 58 देवनारायण शर्मा विजयनगर से, वार्ड संख्या 9 शीतल पटेल नगर से पार्षद तथा अन्य पार्षदों द्वारा छठ पूजा पर विशेष आयोजन पर नगर आयुक्त तथा निगम के अधिकारियों का धन्यवाद दिया, पुरबिया समाज जनकल्याण समिति के पदाधिकारी रीता सिंह तथा तिवारी द्वारा भी निगम के कार्यों की सराहना की गई लेजर शो तथा सफाई व्यवस्था को सभी ने सराहा, जीरो वेस्ट तथा प्लास्टिक फ्री रहा छठ महोत्सव।

## गरीब बच्चों के लिये शिक्षा कवच है 'राइट टू एजुकेशन एक्ट': सीमा त्यागी

**टीबीसी संवाददाता**



**गाजियाबाद।** हमारा भारत एक लोकतांत्रिक देश है जिसके कारण यह अनिवार्य हो जाता है कि भारत का प्रत्येक नागरिक शिक्षित हो और ऐसा होने के लिये यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि शिक्षा सार्वभौमिक अर्थात सर्वव्याप्त हो इस व्यवस्था को पूर्ण करने के लिये राइट टू एजुकेशन का गहरा महत्व है देश मे बच्चो को मुफ्त एवम अनिवार्य शिक्षा देने के लिए राइट टू एजुकेशन एक्ट 2009 (आरटीई) लाया गया था इस आरटीई अधिनियम की विशेषता है कि यह भारत के प्रत्येक राज्य के 6 से 14 वर्ष तक कि आयु के बच्चों को मुफ्त शिक्षा की गारंटी देता है 4 अगस्त 2009 को भारत की संसद ने इस एक्ट को अमली जामा पहनाया और 1 अप्रैल 2010 को इसे लागू कर दिया गया इस एक्ट ने कागजी रूप से तो 135 देशों की लाइन में लाकर खड़ा कर दिया जिनके पास शिक्षा का मौलिक अधिकार है लेकिन हम धतातल पर बात करे तो इस राइट टू एजुकेशन एक्ट को बने लगभग 13 वर्ष से भी ज्यादा का समय बीत गया है उसके बाद भी यह महत्त्वपूर्ण एक्ट सभी राज्यो में प्रभावशाली रूप से लागू होने की राह देख रहा है इस एक्ट को लागू करने में केंद्र और राज्य सरकारो की कोई विशेष रुचि नही है जिसके कारण देश के प्रत्येक राज्य में लाखों गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर बच्चे शिक्षा के मौलिक अधिकार से वंचित हो रहे है आरटीई अधिनियम 2009 की धारा 12(1) ग राज्यो के प्रत्येक मान्यता प्राप्त निजी स्कूल में 25 % निर्धारित सीटो पर गरीब एवम आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को निःशुल्क एवम अनिवार्य शिक्षा प्रदान करने की व्यवस्था करता है जो इस अधिनियम के अंतर्गत निहित बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान करने की शक्तियों को दिखाता है लेकिन दुर्भाग्य की बात यह है कि निजी स्कूलों के बढ़ते प्रभाव, सरकार की उदासीनता और अधिकारियों की लाचारी के चलते इस अधिनियम का लाभ गरीब बच्चों को नही मिल रहा है। हमारे देश के बड़े बड़े नेता जब मंचो से ₹बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ₹ और शिक्षा की बात करते है तो ऐसा प्रतीत होता है कि ये गरीब और आम जनता को शिक्षा मुहिया कराने के प्रति बेहद संवेदनशील है लेकिन जब हम वास्तविकता में देखते है तो यह लगभग शून्य नजर आती है उसके बाद भी हम अपने प्रदेश के मुख्यमंत्री जी से यह उम्मीद करते है कि राइट टू एजुकेशन एक्ट को प्रदेश में प्रभावी रूप से लागू करा लाखो गरीब बच्चों को शिक्षा का अधिकार दिलायेंगे।

# बचाव कार्य सही दिशा में संचालित, शीघ्र ही सभी श्रमिक भाईयों को सकुशल निकाल लिया जायेगा: वीके सिंह





टीबीसी संवाददाता

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के सांसद एवं केंद्रीय सड़क परिवहन, राजमार्ग एवं नागर विमानन राज्यमंत्री जनरल डॉ. विजय कुमार सिंह सिलक्यारा, उत्तरकाशी में निर्माणाधीन टनल में फँसे श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकालने हेतु चल रहे बचाव कार्यों में पिछले 11 दिनों से बेहतर समन्वय एवं समर्पण भाव के साथ कार्य कर रही केंद्रीय एजेंसियों व प्रदेश प्रशासन के सदस्यों एवं अथक परिश्रम के साथ कार्य कर रहे श्रमिकों से भेंट की। इस दौरान उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी उनके साथ रहे। इस मुश्किल घड़ी में दिन रात कार्य कर टनल में फँसे श्रमिक भाइयों को बाहर निकालने में सभी लोगों के योगदान हेतु आभार व्यक्त कर उनका उत्साहवर्धन भी किया। घटनास्थल पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने टनल में फंसे श्रमिकों में से गब्बर सिंह नेगी एवं सबा अहमद से बात कर उनका कुशलक्षेम जाना और उन्हें सकुशल बाहर निकालने हेतु तीव्र गति से चल रहे रेस्क्यू ऑपरेशन से भी अवगत कराया। दोनों लोगों ने सभी श्रमिक भाइयों के स्वस्थ और सुरक्षित होने की जानकारी दी। श्रमिक भाइयों को प्रधानमंत्री द्वारा निरंतर उनकी वस्तुस्थिति के बारे में जानकारी लेने एवं बचाव कार्यों की मॉनिटरिंग किए जाने के बारे में भी अवगत कराया। बचाव कार्य सही दिशा में संचालित है और शीघ्र ही सभी श्रमिक भाई सुरक्षित बाहर आकर अपने परिजनों के साथ होंगे।

## शिवशक्ति धाम डासना में सनातन धर्म की रक्षा हेतु मानव इतिहास का सबसे बड़ा महायज्ञ कार्तिक पूर्णिमा से होगा

टीबीसी संवाददाता

**गाजियाबाद।** इस्लाम के जिहादियों के विकट खतरे को सिरे से नकारते हुए शिवशक्ति धाम डासना के पीठाधीश्वर व श्रीपंचदशनाम जूना अखाडे के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज ने सनातन धर्म की रक्षा और सनातन धर्म के शत्रुओं के विनाश के लिये मानव इतिहास का सबसे बड़ा महायज्ञ आयोजित करने का संकल्प लिया। यह महायज्ञ देवाधिदेव भगवान महादेव शिव व जगद्जननी माँ जगदम्बा की कृपा से इस वर्ष कार्तिक पूर्णिमा 27 नवम्बर 2023 से प्रारंभ होकर 27 वर्ष तक चलेगा।महायज्ञ में प्रतिदिन सर्वप्रथम रुद्राभिषेक, उसके उपरांत सम्पूर्ण चण्डी पाठ पर हवनात्मक यज्ञ और रात्रि में माँ बगलामुखी महायज्ञ किया



जाएगा।यह महायज्ञ शिवशक्ति धाम डासना के साथ ही सम्पूर्ण विश्व मे अलग अलग स्थानों पर समय समय पर आयोजित किया जायेगा। महायज्ञ के विषय में बताते हुए महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी ने बताया कि वर्तमान परिस्थितियों में सनातन धर्म व सम्पूर्ण मानवता की रक्षा के लिए सात्विक दैवीय ऊर्जा का जागरण अति आवश्यक है।देवाधिदेव भगवान महादेव शिव के साथ माँ बगलामुखी और महाचंडी योद्धाओं को सद्बुद्धि व शक्ति प्रदान करने वाली सम्पूर्ण विश्व की सबसे प्रमुख आध्यात्मिक शक्ति हैं।उनकी कृपा बिना हम सनातनियों का उद्धार नही हो सकता। अब हमारे पास और कोई रास्ता नहीं है। हमारे सभी अजेय धर्मयोद्धा जैसे भगवान श्रीराम, योगेश्वर श्रीकृष्ण, भगवान परशुराम आदि ने इन्हीं की कृपा से अपने शत्रुओं पर विजय प्राप्त की थी।हमें भी विजय के लिये इनका ही अनुसरण करना पड़ेगा। उन्होंने सम्पूर्ण विश्व के सभी हिन्दुओ से इस महायज्ञ में भाग लेने और यथासंभव दान सहिय सहयोग करने का आह्वान किया।

## कराटे स्कूल में हुई परीक्षा में उत्तरीण बच्चों को किया गया सम्मानित

टीबीसी संवाददाता




**गाजियाबाद।** कराते स्कूल, सेक्टर 11, प्रताप विहार में कराते स्कूल में कलर बेल्ट की परीक्षा हुई , शिहान नरेंद्र सिंह ने बताया बेल्ट परीक्षा जिस्मे 4 घंटे तक 49 खिलाड़ियों ने कड़ी मेहनत की अंक प्राप्त किये अंको के हिसाब से खिलाड़ियों को मिली बेल्ट खिलाड़ियों के नाम- येलो बेल्टः शिवा ,अनुषा , लावण्या, इक्षिता ,अमिताभ कुमार, रेयांश वर्मा, अथर्व श्रीवास्तव ,दक्ष गुप्ता ,ज्यांशु ,रुद्र, पुलकित चौधरी ,क्रिस्ट ,अंशुमान, आराध्या अग्रवाल ,सोनाक्षी सेठी, मोहम्मद अरहम। ऑरेंज बेल्टः अक्षत ,माधव ,तुषार कुमार ,नीलांश ,साक्षी, कोमल, वंश शर्मा ,कविश, इडेन्य सिंह अविश ,आरव ,वंश पुनिया। ग्रीन बेल्ट : रौनक सिंह, अदिति तिवारी। पर्पल बेल्टः कार्तिक, आकृति बडोला, हिमांशु। ब्लू बेल्टः तनीषा राणा , मान्या सिंह, मनन बिष्ट। ब्राउन बेल्टः महिमा, अर्णव पांडे, आराध्या पांडे, यशवी सिंह।

इस अवसर पर आर के सप्रू ,रोहतास कुमार ,विक्की सराफ,श्रीकांत शर्मा , मेघराज सिंह, मेनकांत आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे। मुख्य अतिथियों ने खिलाड़ियों को बेल्ट बांट कर प्रमाणपत्र दे कर उज्वल भविष्य की शुभकमनाएं दीं।

## ग्राम जलालाबाद व ग्राम रसूलपुर सिकरोड़ में हुआ 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का आयोजन

### प्रधानमंत्री जी द्वारा चलाई योजनाओं का मिल रहा है भरपूर लाभ





टीबीसी संवाददाता

**गाजियाबाद।** 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का आयोजन ग्राम जलालाबाद में मुख्य अतिथि माननीय श्रीं धर्मेश तोमर, विधायक धौलाना व ग्राम रसूलपुर सिकरोड़ में मुख्य अतिथि माननीय श्रीमती नसीम बेगम जिला पंचायत सदस्य वार्ड नं 10 द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता की गई। कार्यक्रम के शुरूआत में प्रधान मंत्री जी का रिकार्ड किया गया संदेश, विकसित भारत के लिए संकल्प वीडियो, प्रारम्भिक चलचित्र का प्रसारण किया गया।

तदोपरांत योजनाओं के सफल लाभार्थियों द्वारा अपने अनुभव साझा किया गया। जिसमें कृषकों ने अपने विचार साझा किये। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से किसानों को खेती करने में काफी मदद मिलती है। कृषि गतिविधियों पर सत्र ड्रोन प्रदर्शन और मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर प्रगतिशील किसानों के साथ बातचीत की गयी। कृषि व सहकारिता विभाग द्वारा कृषक चंद्रपाल, सुधीर, आमिर, नफीस अहमद व जाहिद के सरसों की फसल पर ड्रोन द्वारा नैनो यूरिया के छिड़काव का प्रदर्शन कराया गया।

कृषकों ने बताया कि ड्रोन से कम समय मे खेत की फसल में नैनो यूरिया, कीटनाशक, का छिड़काव बेहतर ढंग से होता है। महिला एसएचजी सदस्यों/स्कूली छात्रों/स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ- 'धरती कहे पुकार के', स्वच्छता गीत आदि सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गए। उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं, बच्चों आदि का अभिनंदन करते हुए पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

ग्राम पंचायत की उपलब्धियों का जश्न- भूमि रिकॉर्ड का 100% डिजिटलीकरण, ओडीएफ+ स्थिति, जल जीवन मिशन की संतृप्ति, आदि पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की गयी।

स्वास्थ्य शिविर (टीबी स्क्रीनिंग, जनजातीय क्षेत्रों में सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग) के शिविर लगाकर जांच की गई, कार्यक्रम में कृषि विभाग, राजस्व विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, सहकारिता विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, अग्रणी जिला प्रबन्धक, स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, आपूर्ति एवं विपणन विभाग, नेहरू युवा केन्द्र, राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना महिला एवं बाल पुस्टा आहार विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा स्टाल लगाकर जनमानस की समस्याओं सुना गया और सुझावों पर विचार किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों, किसानों सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी और स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे।

जलालाबाद में कृषक ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से किसानों को खेती करने में काफी मदद मिलती है।

कृषि गतिविधियों पर सत्र ड्रोन प्रदर्शन, प्राकृतिक खेती और मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर प्रगतिशील किसानों के साथ बातचीत की गयी। जिसमें किसान ने कि ड्रोन से कम समय मे खेत की फसल मे नैनो यूरिया , कीटनाशक, का छिड़काव बेहतर ढंग से होता है।

महिला एसएचजी सदस्यों/स्कूली छात्रों/स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ - 'धरती कहे पुकार के', स्वच्छता गीत आदि सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गए। उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं, स्थानीय खिलाड़ियों आदि का अभिनंदन करते हुए पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जिसमें कादिर को सम्मानित किया गया। ग्राम पंचायत की उपलब्धियों का जश्न- भूमि रिकॉर्ड का 100% डिजिटलीकरण, ओडीएफ+ स्थिति, जल जीवन मिशन की संतृप्ति, आदि पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की गयी। स्वास्थ्य शिविर (टीबी स्क्रीनिंग, जनजातीय क्षेत्रों में सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग) के शिविर लगाकर जांच की गई, कार्यक्रम में कृषि विभाग, राजस्व विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, सहकारिता विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, अग्रणी जिला प्रबन्धक, स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, आपूर्ति एवं विपणन विभाग, नेहरू युवा केन्द्र, पुलिस प्रशासन सहित अन्य विभागों द्वारा स्टाल लगाकर जनमानस की समस्याओं सुना गया और सुझावों पर विचार किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से किसानों सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी और स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे।

घरेलू नुस्खे

# कई बीमारियों के लिए रामबाण इलाज है कच्ची हल्दी



**कच्ची हल्दी शरीर में सूजन को काफी हद तक कम करने में सहायक होती है। इसके अलावा कच्ची हल्दी गठिया और हृदय रोग के खतरे को भी कम करता है। आज हम आपको कच्ची हल्दी के कई फायदों के बारे में बताने जा रहे हैं।**

**अनन्या मिश्रा**

भारतीय किचन में कई तरह के मसाले पाए जाते हैं। इन मसालों का इस्तेमाल ना सिर्फ खाने को स्वादिष्ट और सुगंधित बनाने के लिए बल्कि बल्कि दवा के तौर पर भी किया जाता है। यह मसाले औषधीय गुणों से भरपूर होते हैं। इन्हीं मसालों में एक मसाला हल्दी है। यह खाने को स्वादिष्ट बनाने के साथ ही स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद होती है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि कच्ची हल्दी भी तमाम औषधीय गुणों से भरपूर होती है।

बता दें कि कच्ची हल्दी शरीर में सूजन को काफी हद तक कम करने में सहायक होती है। इसके अलावा कच्ची हल्दी गठिया और हृदय रोग के खतरे को भी कम करता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कच्ची हल्दी के कई फायदों के बारे में बताने जा रहे हैं।

### एंटीऑक्सीडेंट का समृद्ध स्रोत

कच्ची हल्दी में भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट पाया जाता है, जो पुरानी बीमारियों के खतरे को कम करने में सहायक होती है। कच्ची हल्दी का सेवन करने से पहले इसके अच्छे से पीस लें। फिर गर्म पानी में मिलाएं और आप चाहें तो इसमें शहद भी डाल सकती हैं। इस ड्रिंक के नियमित सेवन से आपके शरीर से टॉक्सिक पदार्थ बाहर निकलते हैं। बता दें कि कच्ची हल्दी का यह ड्रिंक डिटॉक्स ड्रिंक के तौर पर काम करता है।

### पाचन में सुधार

कच्ची हल्दी के सेवन से पाचन तंत्र भी स्वस्थ रहता है। इसके अलावा यह अपच और सूजन के लक्षणों को भी कम करने में सहायक होती है। इसके सेवन से आंत के स्वास्थ्य को बढ़ावा मिलता है और मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है। साथ ही इसके सेवन से वेट कम होने में भी सहायता मिलती है।

### इम्यून सिस्टम

बता दें कि कच्ची हल्दी में एंटी बैक्टीरियल और एंटी फंगल गुण भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। इसके इस्तेमाल से इम्यून सिस्टम मजबूत होता है। इसलिए रोजाना रात में सोने से पहले एक गिलास दूध में पिसी हल्दी को मिलाकर पीने से इम्यून सिस्टम मजबूत होता है। साथ ही इसके सेवन से कई संक्रमण और अन्य तरह की बीमारियां नहीं होती हैं।

### दर्द में राहत

कच्ची हल्दी में एंटी इंफ्लेमेटरी गुण पाया जाता है, जो दर्द में राहत दिलाने में सहायक होता है। अगर आप भी गठिया और मांसपेशियों में दर्द जैसी समस्याओं से परेशान रहते हैं। तो आपके लिए कच्ची हल्दी रामबाण इलाज साबित हो सकती है। इसके लिए आप हल्दी वाले दूध का नियमित तौर पर सेवन करें।

### स्किन के लिए फायदेमंद

कच्ची हल्दी पोषक तत्वों से भरपूर होती है। साथ ही यह हमारी स्किन के लिए भी फायदेमंद होती है। हल्दी में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट गुण स्किन की सूजन, मुंहासों आदि को कम करने में सहायक होती है। इसलिए सप्ताह में एक बार हल्दी का लेप अपने चेहरे पर लगाएं। इससे आपकी स्किन ग्लोइंग बनेगी।

# पीसीओडी से पीड़ित महिलाओं को नहीं खाने चाहिए ये फूड्स

**अनन्या मिश्रा**

पीसीओडी के लिए अभी तक कोई इलाज निर्धारित नहीं किया गया है। हांलाकि अपनी लाइफस्टाइल में बदलाव कर इस बीमारी पर आसानी से काबू किया जा



सकता है। ढउडऊको कंट्रोल और मैनेज करने के लिए सबसे अच्छा तरीका उचित वेट मैनेजमेंट सुनिश्चित करना है। बता दें कि अपने वेट में 5% की कमी भी बीमारी के इलाज में बहुत मदद कर सकती है। वहीं पीसीओडी के मरीजों को अपनी डेली रूटीन में व्यायाम करना चाहिए। इसके साथ ही स्वस्थ आहार का भी सेवन करना चाहिए। हेल्थ एक्सपर्ट्स की मानें तो पीसीओडी से पीड़ित रोगियों को शुगर और कार्बोहाइड्रेट कम होना चाहिए।

आपको बता दें कि पीसीओडी से पीड़ित लोगों के लिए उच्च प्रोटीन और उच्च फाइबर के सेवन की सलाह दी जाती है। क्योंकि पीसीओडी को एक अच्छी डाइट के जरिए कंट्रोल किया जा सकता है। हांलाकि कुछ फूड्स ऐसे भी होते हैं, जिनके सेवन से पीसीओडी संबंधित समस्याएं बढ़ सकती हैं। ऐसे में इस आर्टिकल के जरिए हम उन फूड आइटम्स के बारे में बताने जा रहे हैं जिनके सेवन से पीसीओडी के रोगियों को बचना चाहिए।

### इन फूड्स से बनाएं दूरी

**संसाधित खाद्य पदार्थ**

संसाधित खाद्य पदार्थों में हाई ग्लाइसेमिक इंडेक्स पाया जाता है। जिसका सीधा संबंध इंसुलिन के ज्यादा उत्पादन और डायबिटीज भी होता है। क्योंकि पीसीओडी से ग्रस्त महिलाओं में डायबिटीज का खतरा अधिक होता है। इसलिए उन्हें अपनी डाइट में हाई जीआई फूड्स को कम से कम शामिल करना चाहिए। संसाधिक खाद्य पदार्थों में शहद, सफेद आलू, व्हाइट ब्रेड एवं सफेद चावल, पैकेटबंद मीट, बिसकिट, केक, मैदा, चीनी, मिठाइयां, जूस पैकेट, शुगर सिरप और कोल्ड ड्रिंक आदि शामिल है।

### वसा युक्त आहार

जिन खाद्य पदार्थों में ट्रांस फैट और सैचुरेटेड पाया जाता है, वह भी पीसीओडी में नुकसानदायक होता है। वसा युक्त खाद्य पदार्थों में वसायुक्त लाल मीट, क्रीम, चीज, पैकेट वाला नमकीन, तला हुआ भोजन, पिज्जा, बर्गर और चिप्स आदि शामिल है। इन सारी चीजों के सेवन से पीसीओडी के लक्षण अधिक दिखने लगते हैं। इस कारण महिलाओं का वेट बढ़ सकता है। जिसकी वजह से पीसीओडी के इलाज में भी अधिक दिक्कत आने लगती है।

### सोया उत्पाद

पीसीओडी से ग्रस्त महिलाओं में एस्ट्रोजन का स्तर सामान्य से अधिक हो जाता है। ऐसे में सोय उत्पाद एस्ट्रोजन के स्तर को बढ़ा सकते हैं। इसलिए इन मरीजों को सोया उत्पादों का सेवन कम करना चाहिए।

### जंक फूड को कहें ना

पीसीओडी से पीड़ित महिलाओं को चिप्स, कोक, पेप्सी, लिम्का, पिज्जा, बर्गर, नमकीन, कैच अप, चीज, पैकेट वाली जूस, केक, पेस्ट्री, पेटीज आदि का सेवन कम से कम करना चाहिए। क्योंकि इन सारी चीजों में वसा और सोडियम की अधिक मात्रा पायी जाती है। जिसके कारण वेट बढ़ने के साथ ही उच्च रक्तचाप होने के आसार भी बढ़ जाती है।

# अमरूद की पत्तियों से बालों को मिलते हैं ये जबरदस्त फायदे

**मिताली जैन**



हम सभी काले, लंबे और घने बालों की चाहत रखते हैं और इसके लिए तरह-तरह के फैन्सी हेयर केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। जबकि बालों की नेचुरल तरीके से भी केयर की जा सकती है। ऐसी कई चीजें होती हैं, जिन्हें हम बेकार समझते हैं, लेकिन वे बालों के लिए बेहद लाभदायी साबित हो सकती है। ऐसी ही एक चीज है अमरूद की पत्तियां।

अमूमन अमरूद के साथ कई बार पत्तियां भी आ जाती हैं, जिन्हें हम बेकार समझकर फेंक देते हैं। लेकिन इन पत्तियों से बालों की कई समस्याओं को सुलझाया जा सकता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको अमरूद की पत्तियों से मिलने वाले हेयर बेनिफिट्स के बारे में बता रहे हैं-

### हेयर ग्रोथ में मिलती है मदद

अगर आप अपने बालों की ग्रोथ तेजी से होते हुए देखना चाहती हैं तो आपको अमरूद की पत्तियों का इस्तेमाल करना चाहिए। दरअसल, इनमें विटामिन बी और सी प्रचुर मात्रा में पाया जाता है, जो बालों के विकास के लिए आवश्यक हैं। जब आप इसे हेयर केयर रूटीन में शामिल करती हैं, तो ना केवल हेयर ग्रोथ तेजी से होती है, बल्कि बालों के झड़ने की समस्या भी काफी हद तक कम होती है।

### रूसी का करे इलाज

अक्सर यह देखने में आता है कि ठंड के दिनों में रूसी की समस्या बढ़ जाती है। ऐसे में अमरूद की पत्तियों का इस्तेमाल करने से यकीनन आपको लाभ मिल सकता है। दरअसल, इसमें एंटी-माइक्रोबायल और एंटी-इन्फ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो रूसी और स्कैल्प की अन्य समस्याओं को काफी हद तक दूर करने में मदद कर सकते हैं।

### हेयर टेक्सचर को करे इंप्रूव

जब आप अमरूद की पत्तियों को अपने हेयर केयर रूटीन में शामिल करते हैं तो इसका सीधा असर आपके बालों के टेक्सचर पर भी पड़ता है। इसमें कुछ ऐसे पोषक तत्व होते हैं, जो बालों को अधिक स्मूथ और शाइनी बनाते हैं। जिसके कारण हेयर टेक्सचर बेहतर होता है।

### बालों को करे कंडीशन

अमरूद की पत्तियों में मौजूद नेचुरल ऑयल बालों के लिए एक कंडीशनर की तरह काम करता है। इसलिए, इसकी पत्तियों का हेयर मास्क रूखे व कर्ली हेयर के लिए काफी अच्छा माना जाता है। इससे आपको अपने बालों को मैनेज करना आसान हो जाता है। साथ ही साथ, बाल अधिक सॉफ्ट व सिल्की नजर आते हैं।

# सपाईयों ने नेता जी की जयंती पर विचार गोष्ठी, हवन एवं विशाल भंडारे का किया आयोजन

**टीबीसी संवाददाता**





**गाजियाबाद।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय गाजियाबाद में समाजवादी पार्टी के संस्थापक,देश के पूर्व रक्षा मंत्री, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री,पद्म विभूषण धरतीपुत्र, सामाजिक न्याय के पुरोधा श्रद्धेय मुलायम सिंह यादव जी जयंती जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन एवं महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव के नेतृत्व में मनाई गई। समाजवादियों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर विनम्र श्रद्धाजंलि दी तथा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर अपने विचार व्यक्त किए।

जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन ने नेताजी मुलायम सिंह यादव के सामाजिक,सांस्कृतिक ओर राजनेतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नेता जी का जन्म 22 नवंबर 1939 को सैफई गाँव में हुआ तथा 10 अक्टूबर 2022 को मेदांता अस्पताल दिल्ली में अंतिम सांस ली। समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने कहा कि आधुनिक समाजवादी आंदोलन के जनक श्रद्धेय नेता जी ने 4 अक्टूबर 1992 में समाजवादी पार्टी की स्थापना की। 1993 में आप दूसरी बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने। 1996 में मैनपुरी से सांसद बने । पूर्व राज्यमंत्री राकेश यादव ने कहा कि हमें नेता जी के बताये हुए रास्ते पर चल कर गैर बराबरी दूर करके बराबरी के आधार पर समाज की व्यवस्था करनी होगी ! आज भारतीय जनता पार्टी के शासन से भारतीय समाज का प्रत्येक गरीब एवं पिछड़ा परेशान है। पूर्व एमएलसी जितेंद्र यादव ने कहा कि अल्पसंख्यकों,पिछड़ों एवं गरीबों पर लगातार अत्याचार हो रहे हैं राजनीतिक स्वतन्त्रता से ही देश का भला हो सकता है। देश के कल्याण के लिए वैज्ञानिक सोच ओर शिक्षा व किसानों की प्रगति आवश्यक है। लोकसभा प्रभारी प्रमोद त्यागी ने कहा अब हमें अपने हक और अधिकार के लिए खड़े हो जाना चाहिए। मिशन 2024 की कामयाबी के लिए तन मन धन से इंडिया गठबंधन का जो भी प्रत्याशी हो उसकी कामयाबी के लिए अभी से रणनीति बनानी चाहिए।

इस अवसर पर फैसल हुसैन एडवोकेट जिला अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट महानगर अध्यक्ष राकेश यादव पूर्व एमएलसी पूर्व मंत्री जितेंद्र यादव पूर्व एमएलसी प्रमोद त्यागी प्रभारी राजन कश्यप, जेपी कश्यप,नाहर सिंह यादव एडवोकेट,कुंवर अयूब अली एडवोकेट, विशाल वर्मा, संजीव चौधरी, प्रवेश बेसोया, मनोज पंडित, गुलाब यादव, सत्येंद्र शर्मा,अनुष्का सिंह, कल्लन पार्षद,सचिन शर्मा, देवव्रत धामा, कालूराम राम प्रदेश सचिव प्रवेज चौधरी,शोएब नगर अध्यक्ष, मनीषा त्यागी,नितिन त्यागी, श्रवण त्यागी, बाबू सिंह आर्य,रमेश चंद्र यादव, सौदान गुर्जर, अब्बास हैदर, कमलेश चौधरी,कमलेश यादव,नरेश बतरा, ललित यादव,जयवीर सिंह, अमित बालियान, फारूक सिद्दीकी, अंशु ठाकुर,विवेक यादव,चांद कौसर हुसैन, कर्मवीर सिंह,रामपाल सिंह राजोरा,निसार कसार,सतीश सोनी,चंद किशोर सिंह, ऋतु खन्ना,मुरलीधर यादव रामप्यारे यादव,पुष्पा शर्मा, साजिद सैफी ताहिर हुसैन,रिजवान चौधरी, कृष्णा ढाकोलिया,जुबेर चौधरी, शौकत अली इकराम खान, दीपक शर्मा ,विजेंद्र शर्मा ठाकुर विक्की सिंह,उपेंद्र यादव,धीरेंद्र यादव,सर्वेश यादव मधु चौधरी किरण कालिया राज देवी चौधरी अंजू ढाकोलिया वीरेंद्र वाल्मीकि गुलाब यादव मुकेश यादव राकेश प्रमुख पिंटू यादव सुरेंद्र यादव आशा सचदेव शशि वर्मा निखिल खत्री आरिफ चौधरी हाजी नूर हसन चौधरी शाहिद खान गुल मोहम्मद मंसूरी नवरत्न सिंह फिरोज चौधरी ललित गुर्जर जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग असलम कुरैशी कारी आरिफ अहमद पंकज जी सत्येंद्र बबल बैसला विधानसभा अध्यक्ष राहुल यादव राजपति यादव योगेश्वरी गुर्जर संजय पटेल आदि मौजूद रहे।

## पीसीबी ने नगर निगम पर 50 हजार का लगाया जुर्माना

साहिबाबाद। ग्रैप लागू होने के बावजूद नियमों का उल्लंघन करने पर प्रदूषण बोर्ड ने नगर निगम पर 50 हजार एवं पटेल नगर थर्ड स्थित वीए टेक वबाग पर 25 लाख जुमार्ना लगाए जाने की संस्तुति की है। पर्यावरण नियंत्रण के क्षेत्रीय अधिकारी की ओर से दोनों के खिलाफ जुमार्ना लगाने की संस्तुति के साथ मौके पर लिए गए तस्वीर भी उप जिलाधिकारी को भेज दी है। यूपीपीसीबी के क्षेत्रीय अधिकारी विकास मिश्रा ने बताया कि नगर निगम की ओर से ऊर्जा मार्ग पर पानी की पाइपलाइन डालने के लिए खोदाई करने के दौरान धूल उड़ने से कोई बचाव नहीं किया गया था। उन्होंने बताया कि नगर निगम की शिकायत स्थानीय लोगों ने की थी, जिसके बाद मौके पर निरीक्षण के दौरान शिकायत सही पाई गई। निरीक्षण करने पहुंची टीम ने मौके से सबूत के तौर पर फोटो भी ली। इसी तरह वीए टेक वबाग लिमिटेड जी-89 पर भी ग्रैप के नियमों का उल्लंघन के लिए 25 लाख का जुमार्ना लगाया गया है। इस संस्था को नगर निगम की ओर से 56 एमएलडी एसटीपी से पानी की सप्लाई के लिए इंदिरापुरम से साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र में पाइपलाइन बिछाने का कार्य सौंपा गया है। संस्था की ओर से यह कार्य करते हुए वायु प्रदूषण रोकने के लिए कोई व्यवस्था नहीं करते पाया गया। इसकी वजह से अत्यधिक धूल उत्सर्जित होते हुए पाया गया, जिससे आसपास के परिवेश में वायु गुणवत्ता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा। वायु गुणवत्ता खराब करने का दोषी पाते हुए विभाग ने संस्था पर 25 लाख के जुमार्ने की संस्तुति की है।

## रात को दस बजे के बाद बेचते थे शराब, तीन गिरफ्तार

**साहिबाबाद।** कौशांबी में ईडीएम मॉल के पास बॉर्डर पर रात को दस बजे के बाद शराब बेचने वालों का आबकारी और कौशांबी थाना पुलिस ने मंगलवार को भंडाफोड़ किया। पुलिस ने देशी-विदेशी शराब व स्कूटी के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। जिला आबकारी अधिकारी आरके सिंह ने बताया कि तीन दिन पहले बॉर्डर पर रात में शराब बेचने की जानकारी मिली थी। टीम ने सोमवार देर रात को जांच की तो ईडीएम मॉल के पास भोवापुर में एक गुमटी व किराये के मकान में शराब बेची जा रही थी। टीम ने घेराबंदी कर 32 वर्षीय सौरभ निवासी बीडीबीए फ्लैट गाजीपुर दिल्ली, 27 वर्षीय अमित प्रताप सिंह निवासी भोवापुर व 23 वर्षीय सुमित सिंह निवासी वैशाली सेक्टर-तीन को गिरफ्तार किया। पूछताछ में तीनों ने बताया कि वह झंडापुर के रहने वाले राकेश के कहने पर काम कर रहे थे। राकेश की ओर से हर दिन एक हजार रुपये दिए जाते थे। वह रात को ठेके बंद होने पर ओवररेट पर शराब बेचते थे। देशी मांगने वालों को यूपी ब्रांड की तो विदेशी मांगने पर दिल्ली व हरियाणा मार्का शराब उपलब्ध कराते थे। तीनों के पास उत्तर प्रदेश, दिल्ली व हरियाणा राज्य की रॉयल ग्रीन व्हिस्की के 90 पौव्वे, व्हाइट एंड ब्लू व्हिस्की के 64 पौव्वे, किंग्स गोल्ड विहस्की के 64 पौव्वे, रॉकफोर्ड क्लासिक व्हिस्की के 37 पौव्वे, हन्ड्रेड पाइपर स्काच व्हिस्की के 47 पौव्वे, मेडुसा प्रीमियम स्ट्रांग बीयर की 120 कैन, जिन्सबर्ग क्लैसिक स्ट्रांग बीयर की 19 कैन, मिस इंडिया ब्रांड देशी शराब के 216 पौव्वे जबकि विदेशी मदिरा के 302 पौव्वे, बीयर की 139 कैन एंव देशी शराब के 216 पौव्वे बरामद हुई।

## धर्मांतरण कराने का दबाव बनाने पर पति गिरफ्तार

साहिबाबाद। धर्मांतरण कराने का दबाव बनाने पर शालीमार गार्डन की रहने वाली महिला ने पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। दिल्ली के रहने वाले रिक्की उर्फ नावेद ने आठ साल पहले हिंदू बनकर महिला से शादी की थी। अब अपने स्वजन संग मिलकर जबरन धर्मांतरण कराने के प्रयास में लगा था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। महिला ने बताया कि वजीराबाद दिल्ली का रहने रिक्की उससे हिंदू बनकर मिला। रिक्की ने प्रेम में फंसाकर उससे 10 जुलाई 2015 को शादी कर ली। दोनों के पांच और चार साल के दो बच्चे हैं। पिछले दिनों महिला को पता चला कि रिक्की मुस्लिम है। उसके बाद से ही रिक्की उसका धर्मांतरण कराने का प्रयास करने लगा। ऐसा नहीं करने पर जान से मारने की धमकी दी। कई बार मौलवी को बुलाकर धर्म परिवर्तन कराना चाहा लेकिन महिला ने हर बार विरोध किया। रिक्की, उसकी मां गुलनाज व जेठ जावेद के दबाव से परेशान होकर महिला एक बच्चे को लेकर शालीमार गार्डन आ गई। 19 नवंबर को घर आकर मारपीट करने की तो महिला ने पुलिस से शिकायत की। पति रिक्की, सास गुलनाज, जेठ जावेद व दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

## शादी का झांसा देकर चिकित्सक ने युवती से किया दुष्कर्म

गाजियाबाद। कविनगर क्षेत्र के राजनगर की रहने वाली एक युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म करने का मामला सामना आया है। आरोप चिकित्सक अमित यादव पर है जो एम्स में चिकित्सक है और वहां से पीएचडी की पढ़ाई कर रहा है। अमित यादव हरियाणा के महेंद्रगढ़ के गांव नीरपुर का रहने वाला है। युवती ने मामले में दो नवंबर को कविनगर थाने मुकदमा दर्ज कराया था। कविनगर पुलिस ने अमित यादव को मंगलवार को दिल्ली के हौज खास से गिरफ्तार कर लिया है। युवती ने कविनगर थाने में अमित यादव समेत 11 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया था कि मार्च 2023 में एक मेट्रीमोनियल साइट से उनके पिता से अमित यादव के परिजनों ने संपर्क कर रिश्ते की बात की थी। इसके बाद उनको दिखाया गया और रिश्ता तय हो गया। शादी की तारीख जून की तय हुई। इसी बीच अमित से उसके परिजनों ने दहेज में 25 लाख रुपये और स्कॉर्पियो कार की मांग की। मांग पूरी नहीं करने पर अमित यादव ने परीक्षा व अन्य बहाना बनाकर रिश्ता आगे टाल दिया। इसी बीच वह उनके घर आया और अकेला पाकर अपने बहनोई के साथ मिलकर कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ देकर बेहोशी की हालत में उनके साथ दुष्कर्म किया और वीडियो भी बना ली।

# संभव जनसुनवाई में प्राप्त हुए 17 संदर्भ, गोविंदपुरम निवासियों ने समाधान पर कहा नगर आयुक्त को धन्यवाद




**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई संभव के दौरान 17 संदर्भ प्राप्त हुए नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की उपस्थिति में विभागीय अधिकारियों ने जन समस्याओं के समाधान पर कार्यवाही की सबसे कम शिकायत निर्माण विभाग से संबंधित प्राप्त हुई, संभव में प्राप्त समस्याओं पर तत्काल कार्यवाही से नगर आयुक्त महोदय द्वारा सभी अधिकारियों को मोटिवेट किया गया। संभव जनसुनवाई में अधिकांश शिकायतें स्वास्थ्य विभाग तथा टैक्स विभाग से संबंधित प्राप्त हुई जिसमें नगर आयुक्त महोदय द्वारा संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए गए, पटेल नगर, विजय नगर, गोविंदपुरम, नंदग्राम, लाजपत नगर व अन्य क्षेत्रों से शिकायती प्राप्त हुई। गोविंदपुरम के निवासियों द्वारा समस्या के तत्काल समाधान पर गाजियाबाद नगर निगम का धन्यवाद जताया गया सी ब्लॉक गोविंदपुरम पार्थ इन होटल के पीछे अवैध अतिक्रमण की शिकायत प्राप्त हुई थी जिसको तत्काल निर्माण विभाग की टीम को भेज कर निस्तारित कराया गया क्षेत्र के निवासियों ने गाजियाबाद नगर निगम द्वारा की गई त्वरित कार्यवाही पर कार्यों की सहाना की। नगर आयुक्त के नेतृत्व में लगातार समस्याओं की समाधान पर तत्काल कार्यवाही की जा रही है जो की सराहनीय है।

अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, संयुक्त नगर आयुक्त ओमप्रकाश तथा अन्य विभाग अधिकारी जन संभव जनसुनवाई में उपस्थित रहे।

# भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी ने कैंसर पीड़ित का जाना कुशलक्षेम

**टीबीसी संवाददाता**




**गाजियाबाद।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी उत्तर प्रदेश की अध्यक्ष राज्यपाल आनंदीबेन के जन्मदिन के शुभ अवसर पर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी गाजियाबाद इकाई द्वारा अध्यक्ष जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह की प्रेरणा से गाजियाबाद खोड़ा निवासी कैंसर रोग पीड़ित अनिल कुमार गोस्वामी का कुशल क्षेम जानने के लिए सभापति डॉ सुभाष गुप्ता, सचिव डॉ किरण गर्ग व सुषमा गुप्ता लाभार्थी के घर पहुंचे। ज्ञातव्य हो पिछले दिनों रेड क्रॉस गाजियाबाद के अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह द्वारा इस मरीज की जानकारी हासिल करने के लिए दिशा निर्देश गाजियाबाद उपाध्यक्ष मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भवतोष शंखधर के द्वारा प्राप्त हुए थे' जिनका अनुकरण करते हुए सभापति डॉ सुभाष गुप्ता के नेतृत्व में जीवन यापन गृह उपयोगी खाद्य सामग्री देते हुए मरीज को सांत्वना भी दी ताकि रोग से स्वयं सामना करने के तैयार रहे। ध्यान योग करें तो स्वयं रोग से लड़ने की क्षमता बढ़ जाएगी। रोगी के सभी कागजों, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड की जांच करके छाया प्रति ली जिससे कि जिला मुख्यालय भेज कर मरीज को उत्तम चिकित्सा सुविधा का लाभ मिल सके। रेड क्रॉस का काम ही सहयोग सेवा का है और उसके लिए गाजियाबाद इकाई तत्पर पर है।

# वेबीनार के जरिये पॉल्यूशन, विंटरर्स एंड लंग हेल्थ पर हुई चर्चा

## आरएचएएम फाउण्डेशन ने मैक्स हॉस्पिटल कौशाम्बी के सहयोग से जूम एप पर की परिचर्चा

**परिचर्चा में इंट्रेक्ट क्लब ऑफ जीडी गोयनका स्कूल, इन्दिरापुरम, रोट्रेक्ट क्लब ऑफ जयपुरिया स्कूल ऑफ बिजनेस, इन्दिरापुरम, इंट्रेक्ट क्लब ऑफ लोटस वैली इंटरनेशनल स्कूल, ग्रेटर नोएडा तथा लाजपत राय कॉले, साहिबाबाद, गाजियाबाद भार्गव समाज समिति, रोटरी क्लब इन्दिरापुरम गैलोर, दिल्ली ईस्ट एंड, गाजियाबाद सेफरोन, गाजियाबाद सनरेस, गाजियाबाद नार्थ सेंट्रल तथा जयपुरिया स्कूल ऑफ बिजनेस ने लिया भाग**

















**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एनसीआर में बढ़ते पॉल्यूशन बढ़ने के कारण मरीजों की संख्या में भी इजाफा होने लगा है। पाल्यूशन बढ़ने के कारण गाजियाबाद के नागरिकों को श्वॉस सम्बंधित बीमारियों ने घेर लिया है। अस्पतालों में लोगों की लम्बी-लम्बी कतारें लग गयी है। गाजियाबाद के हर 10 में से 3 लोग श्वास सम्बंधित बीमारी से जूझ रहे हैं। खास तौर पर बुजुर्ग लोग इससे ज्यादा पीड़ित है। इसी को ध्यान में रखते हुए आरएचएएम फाउण्डेशन ने मैक्स हॉस्पिटल कौशाम्बी के सहयोग से जूम एप पर पॉल्यूशन, विंटरर्स एंड लंग हेल्थ पर परिचर्चा की। जिसमें मुख्य वक्ता डॉ. शरद जोशी उपलब्ध रहे। श्री जोशी ने परिचर्चा पर भाग लेते हुए प्रदूषण और उसके शरीर पर पड़ने वाले प्रभाव पर विशेष चर्चा की और कैसे हम इस प्रभाव को कम कर सकते हैं, इस पर भी अपनी राय दी। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. राजीव ठाकुर (डायरेक्टर जनरल जयपुरिया स्कूल ऑफ बिजनेस), डॉ. सरिता शर्मा, डायरेक्टर (सेल्फ फाईनेंस कोसर्स, लाजपत राय कॉलेज), रो0 डॉ. अमिता महेन्द्रु (डीजी 2025-26, डिस्ट्रक्ट 3012) ने परिचर्चा में अपनी बात रखी। आरएचएएम फाउण्डेशन के चेयरमैन धीरज कुमार भार्गव ने सभी अतिथियों का जूम मीटिंग पर स्वागत किया और इस परिचर्चा में भाग लेने के लिए उनका आभार जताया। इस अवसर पर अशोक अग्रवाल, डॉ. ललित खन्ना, रवि बाली, विनोद अग्रवाल, दयानन्द शर्मा, मनीषा भार्गव, सुनील मल्होत्रा, अनिल छाबरा, अंजलि बावा, एनके भार्गव, सुधीर सरदाना, विनीत अग्रवाल, वरूण षर्मा तथा दिवाकर शर्मा ने भी परिचर्चा में अपने विचार रखे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में इंट्रेक्ट क्लब ऑफ जीडी गोयनका स्कूल, इन्दिरापुरम, रोट्रेक्ट क्लब ऑफ जयपुरिया स्कूल ऑफ बिजनेस, इन्दिरापुरम, इंट्रेक्ट क्लब ऑफ लोटस वैली इंटरनेशनल स्कूल, ग्रेटर नोएडा तथा लाजपत राय कॉले, साहिबाबाद, गाजियाबाद भार्गव समाज समिति, रोटरी क्लब इन्दिरापुरम गैलोर, दिल्ली ईस्ट एंड, गाजियाबाद सेफरोन, गाजियाबाद सनरेस, गाजियाबाद नार्थ सेंट्रल तथा जयपुरिया स्कूल ऑफ बिजनेस का विशेष सहयोग रहा

# रोटरी क्लब जिन्दल नगर ने अपना घर आश्रम को बांटी खाद्य सामग्री













**गाजियाबाद (टीबीसी न्यूज)।** रोटरी क्लब जिन्दल नगर के द्वारा अपना घर आश्रम पिलखुवा को किचन सामग्री, एक हफ्ते का सूखा राशन जिसमें 500 किग्रा0 आटा, 100 किग्रा0 चीनी, 90 किग्रा0 दाल, 60 किग्रा0 पोहा, 10 टीन रिफाइंड तेल, 100 किग्रा0 चावल, 50 किग्रा0 नमक, हल्दी, धनिया, गरम मसाला, लाल मिर्च व अन्य मसाले का वितरण किया गया।

Printed and Published by Dheeraj Kumar Bhargava at B.F.L Inrotech Ltd, C-9, Sector-3 Noida, Distt. Gautam Budh Nagar and Published at 282, Sarai Nazar Ali, behind MMG Hospital Ghaziabad (U.P.) 201 001. **Editor:** Dheeraj Kumar, **Resident Editor:** Manisha Bhargava** **Email:** editor@tbam.co.in **RNI. No:** UPBIL/2009/28691, **Postal Registration No.** UP/GBD80/2016-18, **Advertisement :** Ph. No.: 0120-2850800, 2850297, **Fax :** 0120-4561000. **Add:** Plot No- 516, Sector- 12, Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.)** Responsible for selection of News under the PRB Act. Repro- duction in any manner, electronic or otherwise in whole or in post without prior written permission is prohibited.